# 13 बड़े औद्योगिक पार्क देंगे 2.7 लाख लोगों को रोजगार

## कानपुर में बन रहे इंडस्ट्रियल पार्क से 2.5 लाख लोगों को मिलेगा काम, कई और जिलों में विकसित किए जा रहे पार्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से हाल ही में धरातल पर उतरने वाले निवेश प्रस्तावों में 13 औद्योगिक पार्क की परियोजनाएं भी शामिल हैं, जिनसे 2.7 लाख लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। औद्योगिक पार्क परियोजनाओं में 14,634 करोड़ रुपये का निवेश होगा। इनमें 2.5 लाख रोजगार तो अकेले कानपुर नगर में मेगा लेदर क्लस्टर डेवलपमेंट (यूपी) लिमिटेड के 5850 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित किए जा रहे औद्योगिक पार्क से मिलेंगे। इसके अलावा बरेली, बागपत, चंदौली, बाराबंकी, गाजियाबाद, हापुड़, मेरठ, सहारनपुर और शाहजहांपुर में भी औद्योगिक पार्क स्थापित किए जा रहे हैं।

क्रेसेंडो इंटीरियर्स अयोध्या में 500 करोड़ रुपये की लागत से निजी औद्योगिक पार्क की स्थापना कर रहा है, जिससे सौ लोगों को रोजगार मिलेगा। बाराबंकी में लखनऊ एचएम ग्रीन सिटी प्राइवेट लिमिटेड 150 करोड़ रुपये के निवेश से औद्योगिक पार्क स्थापित कर रहा है जिससे 200 लोगों को रोजगार हासिल होगा। शाहजहांपुर में भी लेटेस्टप्लस अपैरल प्राइवेट लिमिटेड 5000 करोड़ रुपये के निवेश से औद्योगिक पार्क बना रहा है जहां 1000 लोगों को रोजगार उपलब्ध होगा। बरेली में रियलप्लाई प्लाइवुड्स एलएलपी की ओर से 408 करोड़ रुपये की लागत से शुरू किए जा रहे औद्योगिक पार्क में 1000 लोगों को रोजगार मिलेगा। चंदौली में डीआरएस डेवलपर्स 50 करोड़ रुपये के निवेश से प्लेज स्कीम के अंतर्गत 150 लोगों के रोजगार का प्रबंध कर रहा है।

प्रदेश के पश्चिमांचल में भी बड़े पैमाने पर औद्योगिक पार्क स्थापित किए जा रहे हैं। बीएमआर बिल्डकान प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड बागपत में 200 करोड़ रुपये के निवेश से 30 एकड़ क्षेत्र में औद्योगिक पार्क की स्थापना कर रहा है जो 1200 लोगों के लिए रोजगार सृजित करेगा। बागपत में ही कालिंदी एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड भी 200 करोड़ रुपये से 25 एकड़ क्षेत्रफल में औद्योगिक पार्क स्थापित कर रहा है जिसके तैयार होने पर 1430 लोगों के लिए रोजगार के अवसर सुलभ होंगे। गाजियाबाद में मल्टीविंग्स इलेक्ट्रिक एलएलपी 500 करोड़ रुपये से लाजिस्टिक पार्क का निर्माण कर रहा है। यहां 800 लोगों को रोजगार मिल सकेगा। हापुड़ में शिव शंकर इंडस्ट्रीज 350 करोड़ रुपये का निवेश कर रहा है जो 500 लोगों के लिए रोजगार के द्वार खोलेगा। मेरठ में विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एस्टेट 626 करोड़ रुपये की लागत से औद्योगिक पार्क बना रहा है, जिससे 6570 लोगों को रोजगार मिल सकेगा। मेरठ में ही पसवारा इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड भी 300 करोड़ रुपये के निवेश से बन रहा औद्योगिक पार्क 500 लोगों को रोजगार देगा। सहारनपुर में पुलस्तया इंडस्ट्रियल पार्क लिमिटेड भी 500 करोड़ रुपये से बन रहे औद्योगिक पार्क से 5000 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है।

### हर सुविधा से लैस होंगे औद्योगिक पार्क

उप्र में इन निजी औद्योगिक पार्क में औद्योगिक इकाइयों के लिए सभी सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी। पार्क के मैन्युफैक्चरिंग जोन में फ्लैटनुमा कारखाने और फैक्ट्री शेड होंगे। बिजनेस व शापिंग सेंटर, इन्क्यूबेशन सेंटर, होटल व रेस्टोरेंट, हास्टल, आफिस ब्लाक, स्वास्थ्य व संचार सुविधाएं, पुलिस व फायर स्टेशन आदि होंगे। बिजली, पानी, सड़क की सुविधा के अलावा कामन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट, टेस्टिंग व सर्टिफिकेशन लैब भी होंगे। लाजिस्टिक्स के तहत वेयरहाउस, कंटेनर व ट्रक टर्मिनल, रेलवे साइडिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, फ्यूल स्टेशन आदि सुविधाएं भी होंगी। हरियाली से भरा ग्रीन जोन भी होगा।